Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 17-03-2005

Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title: Need to commence with 'Narrow Broadcasting Scheme' in Doordarshan Kendra, Sagar, Mahdya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर, मध्य प्रदेश में केन्द्र सरकार के निर्देश पर दूरदर्शन केन्द्र में लगभग तीन र्वा पूर्व नैरोब्रॉडकॉस्टिंग योजना को बनाया गया। इसके अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यक्रमों के ट्रांसमिशन की पूरी व्यवस्था केन्द्र में बनायी गयी। ट्रांसमीटर वी सी आर में कनैक्शन कर ट्रांसमिशन की ट्रायल की गयी। उद्घाटन न हो पाने से नैरोब्रॉडकास्टिंग को अधिकृत समय से चालू नहीं किया जा सका था। इन तीन सालों के दौरान एक बार तो नैराकॉस्टिंग के उद्घाटन की तिथि भी तय कर ली गयी थी। बाद में अचानक उद्घाटन कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। पिछले दिनों केन्द्र सरकार ने इसे बंद करने का निर्णय ले लिया, जिससे अब इस योजना के शुरू होने की संभावना खत्म हो गयी है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि सागर में नैराब्रॉडकास्टिंग योजना को शीघ्रतिशीघ्र प्रारंभ करवाया जाये।